नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 172/2020
Dt-30.12.2020

अपर मुख्य सचिव
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना

विषयः– पथ निर्माण विभाग के संकल्प के माध्यम से पूर्व में स्वीकृत पथ प्रमंडल, पिपरा (सुपौल) का विलय कर नवसृजित पथ प्रमंडल, झंझारपुर का कार्यारंभ कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार ने अपने संकल्प के माध्यम से पूर्व स्वीकृत पथ प्रमंडल को नवगठित प्रमंडल के रूप में गठित करने संबंधित बिहार राजपत्र में प्रकाशित किया है। राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरांत विभिन्न पथों के बीच असमान वितरण को दूर करने, पथों की लम्बाई के अनुरूप प्रमंडलों के पुनर्गठन किया है। जिसमें पूर्व के पथ प्रमंडल, पिपरा (सुपौल) को विलय कर नवसृजित पथ प्रमंडल झंझारपुर का पुनर्गठन किया है जिसमें सभी पदाधिकारी/कर्मचारी एवं उपस्कर के साथ प्रतिस्थापित कर सभी अभिलेख सौंपने की अनुशंसा है। झंझारपुर में पथ प्रमंडल का कार्य शुरू नहीं होने से सड़क विकास कार्य बाधित है।

अतएव अनुरोध है कि पथ प्रमंडल झंझारपुर को तत्काल कार्यारंभ कराने हेतु आवश्यक निदेश देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

अनुलग्नकः यथोक्त

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in